दिनांकः 30.04.2025 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- केन्द्र सरकार ने अगली जनगणना में जाति गणना को शामिल करने का फैसला किया–कैबिनेट बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय।
- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने राज्य में विकास और निवेश अवसरों पर एशियाई विकास बैंक के अधिकारियों से चर्चा की।
- राज्य विधानसभा में नई व्यवस्था के तहत सत्रावसान के बाद भी विधायकों को प्रश्न पूछने का मौका मिलेगा।
- देश का पहला वर्ल्ड ऑडियो विजुअल और एन्टरटेनमेंट सम्मेलन–**वेव्स** कल से मुम्बई में–प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उद्‌घाटन करेंगे।

0000

केन्द्र सरकार ने अगली जनगणना में जाति गणना को शामिल करने का फैसला किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमण्डल की राजनीतिक कार्य समिति की बैठक में ये निर्णय किया गया। केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज नई दिल्ली में प्रेस वार्ता कर कहा कि जनगणना केन्द्र का विषय है। उन्होंने कहा कि कुछ राज्यों ने जाति सर्वेक्षण अच्छे तरीके से वहीं कुछ ने राजनैतिक कारणों से किया।

......................

केन्द्रीय मंत्री श्री वैष्णव ने बताया कि सरकार ने गन्ना किसानों को बड़ी राहत दी है। चीनी मौसम 2025–26 के लिए गन्ने का उचित लाभकारी मूल्य 355 रूपये प्रति क्विंटल तय किया गया है। इससे पांच करोड़ गन्ना किसानों के साथ चीनी मिलों और सहायक गतिविधियों में लगे पांच लाख श्रमिकों को भी फायदा मिलेगा। इसके अलावा सरकार ने शिलॉग से सिल्चर तक करीब 166 किलोमीटर लम्बे ग्रीन फील्ड कॉरिडोर के विकास को मंजूरी दी है।

000

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने आज एशियाई विकास बैंक के अधिकारियों से मुलाकात की। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री शर्मा ने बताया कि ए.डी.बी की कन्ट्री डायरेक्टर मियो ओका और अन्य अधिकारियों से हुई भेंट में राज्य में किये जा रहे विकास प्रयासों, संभावित निवेश अवसरों और सहयोग पर व्यापक चर्चा की गई।

000

मुख्यमंत्री श्री शर्मा की अध्यक्षता में सहकारिता वर्ष की गतिविधियों के लिए राज्य स्तरीय समति बनाई गई है। ये समिति अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के दौरान होने वाले कार्यक्रमों का सफल क्रियान्वयन करेगी। कृषि उद्यानिकी तथा ग्रामीण विकास, पंचायतीराज, सार्वजनिक वितरण और उपभोक्ता मामले, पशु पालन एवं डेयरी, सहकारिता और नगरीय विकास तथा स्वायत शासन विभाग के मंत्री इस समिति के सदस्य बनाये गये हैं।

000

16वीं राजस्थान विधानसभा के तीसरे अधिवेशन का सोमवार को सत्रावसान कर दिया गया। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि इस सत्रावसान के बावजूद नई व्यवस्था के तहत विधायकों को प्रश्न पूछने का मौका मिलेगा । अब प्रत्येक विधायक सप्ताह में एक अंतःसत्र कालीन अतारांकित प्रश्न पूछ सकता है। ऐसे हर प्रश्न का उत्तर राज्य सरकार को 30 दिन की अवधि में सीधा सदस्य को भेजना जरूरी होगा।

इसके साथ ही उत्तर की एक प्रति विधानसभा को भी भेजनी होगी। श्री देवनानी ने बताया कि इससे विधायक लोक महत्व के विषय पर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि नए सत्र के आने पर फिर से विधायकों को प्रश्न पूछने का मौका भी मिल सकेगा। जब भी नया सत्र आएगा तब प्रत्येक विधायक निर्धारित 10 तारांकित और 20 अतारांकित प्रश्न पूछ सकेंगे।

000

सिक्किम के राज्यपाल ओम प्रकाश माथुर ने आज जयपुर में राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से मुलाकात की। राजभवन में हुई इस भेंट के दौरान दोनों ने विभिन्न विषयों पर चर्चा की। राज्यपाल से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी।
राज्यपाल श्री बागड़े का कल प्रतापगढ़ दौरे का कार्यक्रम है। वे इस दौरान अधिकारियों की बैठक लेगें और जिले में किये जा रहे विकास कार्यो की समीक्षा करेंगे।

000

................

000

देश का पहला वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एण्ड एंटरटेनमेंट समिट–वेव्स 2025 कल से शुरू हो रहा है। चार दिन के इस सम्मेलन का आयोजन मुंबई के जिओ वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में होगा। ये वैश्विक सम्मेलन श्रव्य्–दृश्य और मनोरंजन उद्योग के लिए वैश्विक मंच प्रदान करेगा।

000

जोधपुर के मण्डोर कृषि उपज मण्डी स्थित एक मकान से पुलिस ने नकली नोट छापने की फैक्ट्री का पर्दाफाश किया है। कार्रवाई के दौरान दो लोगों को गिरफ्तार किया गया और इनके कब्जे से साढे सात लाख रूपये के जाली नोट बरामद किये गये। साथ ही मौके से नोट छापने की मशीन, कलर प्रिन्टर और रसायन भी जब्त किये गये।
उधर डूंगरपुर के बिछीवाड़ा क्षेत्र से पुलिस ने डोडा चूरा की तस्करी करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। ये तस्कर ट्रेक्टर–ट्रॉली में भरी ईंटों की आड़ में करीब 430 किलो डोडा चूरा ले जा रहा था।

000

झालावाड जिले में एक नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। ये घटना अकलेरा क्षेत्र में शादी समारोह में परिजनों के साथ पहुंची किशोरी के साथ हुई। पुलिस अधीक्षक ऋचा तोमर ने बताया कि पुलिस ने सभी 9 आरोपियों को पकड़ लिया है और मामले की जांच की जा रही है।

000

अक्षय तृतीया का पर्व आज प्रदेशभर में परम्परागत आस्था के साथ मनाया जा रहा है। अबूझ सावे की मान्यता होने के कारण इस अवसर पर बड़ी संख्या में विवाह समारोह और मांगलिक आयोजन किए जा रहे हैं। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज झालावाड़ में सामूहिक विवाह सम्मेलन में शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि समाज में बदलाव लाने के लिए ऐसे आयोजन महत्वपूर्ण हैं।

..................

आखा तीज के अवसर पर किसानों ने अनाज और कृषि उपकरणों की पूजा की। वहीं गांवों में बाजरे और गुड के परम्परागत व्यंजन भी बनाये गये।

परशुराम जयंती के अवसर पर झालावाड़ सहित विभिन्न स्थानों पर शोभायात्रा और अन्य धार्मिक आयोजन किये जा रहे हैं।

शेखावाटी के संस्थापक महाराव शेखाजी का 537वां निर्वाण दिवस समारोह आज जयपुर में कॉस्टीट्यूशन क्लब में आयोजित किया गया। इस दौरान मानव कल्याण के लिए किये गये उनके कामों को याद किया गया। वहीं एक अन्य कार्यक्रम में शेखाजी निर्वाण दिवस को सर्व–धर्म–सम्भाव दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न धर्म गुरूओं ने सहिष्णुता और साम्प्रदायिक सौहार्द बनाये रखने की बात कही।

000

राज्य के पश्चिमी हिस्से के अधिकतर स्थानों पर दिन का तापमान 43 से 46 डिग्री के बीच मापा जा रहा है। वहीं पूर्वी हिस्से में 40 से 45 डिग्री के बीच दर्ज किया जा रहा है। मौसम विभाग के अनुसार आज बाड़मेर, जैसलमेर और जोधपुर जिलों में हीटवेव का असर रहा। बीते चौबीस घंटों में जैसलमेर में अधिकतम तापमान 46 दशमलव 3 डिग्री सेल्सियस मापा गया। बाडमेर और जैसलमेर जिलों में कल भी कहीं–कहीं हीटवेव दर्ज हो सकती है। नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से कल दोपहर बाद जोधपुर, बीकानेर, अजमेर, जयपुर, कोटा और भरतपुर संभाग के कुछ भागों में गरज के साथ हल्की बारिश के आसार हैं। इस दौरान तेज रफ्तार हवाएं और अंधड़ चलने की भी संभावना है।

000

प्रदेश से हज यात्रियों के जाने का सिलसिला कल से शुरू होगा। इस साल राज्य से 3 हजार 408 यात्री हज के मुकद्दस सफर जायेगें। जयपुर के सांगानेर हवाई अड्डे से 8 मई तक 17 उड़ानें सउदी अरब के मदीना जायेंगी। कल शाम रवाना होने वाले पहले जत्थे में 164 यात्री शामिल हैं। हज कमेटी की ओर से इस यात्रा के लिए काफी समय से तैयारियां की जा रही हैं। इस दौरान यात्रियों को प्रशिक्षण दिया गया और टीके भी लगाये गये। जयपुर में हज हाउस में यात्रियों की सुविधा के लिए मनी एक्सचेंज काउंटर भी लगाया गया है। हज कमेट ऑफ इण्डिया ने सभी यात्रियों को हज सुविधा एप 2.0 डाउन लोड करने की सलाह दी है।

000

काउन्सिल फौर द़ी इंडियन स्कूल सर्टिफ़िकेट ऍग्ज़ामिनेशन ने आईएससीई की दसवीं कक्षा और आईएससी की बारहवीं कक्षा के परिणाम घोषित कर दिए हैं। करीब ढाई लाख विद्यार्थियों ने दसवीं और 99 हजांर से अधिक ने बारहवीं की परीक्षा दी थी। दोनों ही कक्षाओं के नतीजों में छात्राओं ने छात्रों के मुकाबले बेहतर प्रदर्शन किया है।

000